# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (15.01.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 15.01.2025, PAGE-06**

# पीजी में दाखिले के लिए आये 8117 आवेदन

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए अबतक 8117 आवेदन आ चुके हैं। बांग्ला में दो और परसियन के लिए मंगलवार तक एक भी आवेदन नहीं आये थे।

मैथिली में आठ, भोजपुरी में 12 और संस्कृत में 17 छात्रों ने आवेदन किये हैं। 20 जनवरी तक आवेदन करने का समय है। इतिहास में सबसे ज्यादा 1172 आवेदन आये हैं। साइकोलॉजी में 780 छात्रों ने आवेदन किये हैं। विज्ञान विषय में सबसे ज्यादा आवेदन जूलॉजी में आये हैं। जूलॉजी में 844, फिजिक्स में 443, बॉटनी में 185 और केमेस्ट्री में 244 आवेदन आये हैं। कॉमर्स के लिए 888 आवेदन आये हैं। अंग्रेजी पढ़ने के लिए अबतक 417 छात्रों ने आवेदन किये हैं। संगीत के लिए 100 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। पीजी में अभी सत्र 2024-26 के लिए ओवदन किया जा रहा है। बीआरएबीयू इस साल पीजी के सत्र को पटरी पर लाने के लिए एक बार फिर नये सत्र 2025-27 के लिए पोर्टल खोलेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## 15.01.2025, PAGE-06

# ईस्ट जोन के बाद विवि में नेशनल गेम की तैयारी

मुजफ्फरपुर। कोलकाता में आयोजित ईस्ट जोन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद बीआरएबीयू में नोएडा में होने वाले नेशनल गेम की तैयारी शुरू हो गई है। बीआरएबीयू के विकास अधिकारी डॉ. रमेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मार्च में नेशनल गेम होना है। डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि नेशनल गेम में बिहार विवि के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकें इसके लिए हम अभी से ही तैयारी शुरू करेंगे। कुलपति से तैयारी के लिए एक अलग जगह की भी मांग की जायेगी।

# समर्थ पोर्टल पर डाले जाएंगे कर्मियों के नाम व ईमेल

मुजफ्फरपुर। समर्थ पोर्टल पर बीआरएबीयू के सभी कर्मियों के नाम और ईमेल आईडी डाले जाएंगे। समर्थ पोर्टल पर डाटा डालने के लिए फार्मेट मंगलवार को तैयार कर लिया गया। इस फार्मेट में शिक्षक या कर्मचारी के छुट्टी पर जाने और उसका अनुमोदन भी ऑनलाइन होगा। इसके अलावा शिक्षकों के प्रमोशन की जानकारी भी पोर्टल पर डालनी होगी। समर्थ पोर्टल पर छात्रों के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा एडमिशन और परीक्षा के साथ हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के बारे में बताना होगा। बिहार विवि में होने वाली एकेडमिक काउंसिल, फिनांस कमेटी की बैठक की जानकारी भी पोर्टल पर डालनी होगी।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.....................                                                                                    Date:...........................

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 15.01.2025, PAGE-06

# स्नातक छात्रों की कॉलेज में चलेगी रिवीजन कक्षा

- नये सत्र से बिहार विवि करने जा रहा है तैयारी
- पीजी में भी रिवीजन कक्षा चलाने पर विचार

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में स्नातक के छात्रों के लिए कॉलेजों में रिवीजन कक्षा चलेगी। विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। नये सत्र से स्नातक के छात्रों के लिए यह व्यवस्था की जायेगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भी बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों को छात्रों के लिए रिवीजन कक्षा चलाने के लिए पत्र भेजा था। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि रिवीजन क्लास परीक्षा से पहले कराया जायेगा। इसमें छात्रों को सारे सिलेबस की तैयारी कराई जायेगी। रिवीजन क्लास होने से छात्रों को परीक्षा में बेहतर अंक लाने में आसानी होगी। बीआरएबीयू में पहलीबार स्नातक के छात्रों के लिए रिवीजन की कक्षा शुरू हो रही है। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि हमलोगों का विचार एक कैप्सूल कोर्स शुरू करने का भी है। कैप्सूल कोर्स में भी छात्रों को सिलेबस की तैयारी कराई जायेगी। रिवीजन कक्षा या कैप्सूल कोर्स ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों मोड में हो सकते हैं। परीक्षा के समय कई छात्र तैयारी करने के लिए कॉलेज नहीं आ पाते हैं, इसलिए कॉलेज ऑनलाइन कक्षा चलाएं तो छात्रों को ज्यादा फायदा होगा। कॉलेजों को इस बारे में निर्देशित किया जायेगा। स्नातक के साथ पीजी में भी रिवीजन कक्षा चलाने के लिए विवि काम करेगा। कई पीजी विभागों में रिवीजन कक्षा चलती भी है। इसे सभी विभागों में लागू करने पर काम किया जायेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 15.01.2025, PAGE-06

# विश्वविद्यालय हिंदी विभाग में बनेगा पीजी भोजपुरी का भवन

प्रशांत कुमार • जागरण

**मुजफ्फरपुर:** अंगीभूत कालेजों में संचालित हो रहे विश्वविद्यालय के विभिन्न पीजी विभागों को अब विश्वविद्यालय पीजी विभागों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सबसे पहले पीजी भोजपुरी विभाग को शिफ्ट किया जाएगा। विश्वविद्यालय हिंदी विभाग कैंपस में ही पीजी भोजपुरी विभाग के भवन का निर्माण होगा। पिछले दिनों कुलपति प्रो. डीसी राय ने विभिन्न पीजी विभागों का निरीक्षण किया था। इस क्रम में वे पीजी हिंदी विभाग पहुंचे थे। इसमें उन्होंने विश्वविद्यालय हिंदी विभाग में संचालित होने वाले प्राक प्रशिक्षण केंद्र के ऊपर एक भवन बनाने का निर्देश दिया है। इसी में पीजी भोजपुरी विभाग का संचालन किया जाएगा।

- **कालेजों में संचालित विश्वविद्यालय के विभागों को परिसर में किया जाएगा शिफ्ट**
- **संकाय के अनुरूप जगह की हो रही तलाश, भोजपुरी के लिए जगह हुई चिह्नित**

**विश्वविद्यालय विभागों को मुख्य कैंपस में शिफ्ट करने जगह की तलाश शुरू :** विश्वविद्यालय की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि कालेजों में संचालित होने वाले विश्वविद्यालय विभागों को मुख्य कैंपस में ही स्थापित कराया जाए। इसके लिए जगह की तलाश शुरू हो गई है। संकाय के अनुरूप जगह तलाशा जा रहा है।

इस कारण पीजी भोजपुरी के लिए मानविकी संकाय के पास ही जगह तय किया गया है। फिलहाल पीजी भोजपुरी का संचालन एलएस कालेज में किया जा रहा है। इसी तरह पीजी संगीत विभाग का संचालन एमडीडीएम कालेज में तो पीजी समाजशास्त्र का संचालन नीतीश्वर महाविद्यालय में हो रहा है। आने वाले दिनों में इन दोनों विभागों को विश्वविद्यालय के अन्य पीजी विभागों के साथ कैंपस में ही भवन का निर्माण कर स्थापित किए जाने की योजना है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने बताया कि कालेजों में संचालित होने वाले विश्वविद्यालय पीजी विभागों को यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट के रूप में नया भवन मिलेगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### विश्वविद्यालय में वोकेशनल कोर्स की आज से शुरू हो जाएगी परीक्षा

विश्वविद्यालय में बुधवार से वोकेशनल कोर्स की परीक्षाओं की शुरुआत होगी। करीब 15 से अधिक परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में ही अधिसूचना जारी हो चुकी है। पहली बार छात्र-छात्राओं को उपस्थिति पत्रक में भी फोटो मिलेगा। यानी जहां वे अपना उत्तर पुस्तिका नंबर समेत अन्य जानकारी भरेंगे वहां उनकी तस्वीर भी लगी होगी। वोकेशनल कोर्स की परीक्षा से इसकी शुरुआत की गई है। इसे अन्य परीक्षाओं में भी लागू किया जाना है।

**पोस्ट एग्जामिनेशन वर्क के लिए होगा टेंडर :** पोस्ट एग्जामिनेशन वर्क के लिए विश्वविद्यालय की ओर से टेंडर जारी किया जाएगा। इसमें परीक्षा के बाद के कार्य जैसे उत्तर पुस्तिकाओं के लिए कोडिंग, डिकोडिंग, टैबुलेशन समेत अन्य कार्य शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि एजेंसी का करार समाप्त होने वाला है। ऐसे में विश्वविद्यालय की ओर से नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। आने वाले दिनों में इसकी विस्तृत जानकारी प्रकाशित की जाएगी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 15.01.2025, PAGE-06

## समर्थ पोर्टल को लेकर 20 को होगी कार्यशाला

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के बाद कालेज भी समर्थ पोर्टल से जुड़ेंगे। इस कड़ी में एलएनटी कालेज समर्थ पोर्टल से जुड़ेगा। इसको लेकर कालेज के स्तर से 20 जनवरी को कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें उच्च शिक्षा निदेशक के एडवाइजर आदित्य समदर्शी शामिल होंगे। साथ ही बिहार स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल के एकेडमिक एडवाइजर प्रो. एनके अग्रवाल भी शामिल होंगे। इसमें आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और उपयोगिता पर चर्चा होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 15.01.2025, PAGE-04**

# आज से दो केंद्रों पर शुरू होगी वोकेशनल कोर्स की परीक्षाएं

## निर्धारित दो केंद्रों पर दो शिफ्ट में होगी परीक्षाएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की वोकेशनल कोर्स की परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी. सभी विभाग और कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के लिए दो केंद्र बनाये गये हैं. विश्वविद्यालय कैंपस स्थित ओल्ड साइंस ब्लॉक और आभा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज दरियापुर कफेन में दो शिफ्ट में परीक्षाएं होंगी. पहली शिफ्ट में सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट में दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक परीक्षा होगी. पंद्रह जनवरी से शुरू होने वाले, 14 परीक्षाओं के लिए कार्यक्रम पहले ही जारी कर दिया गया था. पिछले सप्ताह कार्यक्रम जारी होने पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान की ओर से संबंधित परीक्षार्थियों को कहा गया है कि निर्धारित तिथि को समय से केंद्र पर उपस्थित हो कर परीक्षा में शामिल हों, अन्यथा परीक्षा छूटने पर सारी जवाबदेही उनकी होगी. दोनों केंद्रों पर कदाचारमुक्त और पारदर्शी परीक्षा संचालन को लेकर विश्वविद्यालय की तरफ से केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया है. बता दें कि वोकेशनल कोर्स की परीक्षाओं को लेकर पिछले महीने से ही छात्र-छात्राओं को इंतजार था.

## स्पेशल परीक्षा में शामिल 24 स्टूडेंट्स को रिजल्ट का इंतजार

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में शामिल 24 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को रिजल्ट का इंतजार है. रिजल्ट नहीं जारी होने का असर टीडीसी पार्ट थर्ड के रिजल्ट पर भी पड़ रहा है. सैकड़ों छात्रों ने स्पेशल पार्ट वन के साथ-साथ टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा भी दी है. स्पेशल पार्ट वन का रिजल्ट जारी हुए बगैर इनका पार्ट थर्ड का फाइनल रिजल्ट जारी नहीं हो सकता है. ऐसे में इन छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग ही रहेगा. दूसरी ओर शैक्षणिक सत्र 2021 - 24 के तहत पार्ट थर्ड का परिणाम पिछले दिनों जारी हुआ है. इस कारण भी स्पेशल पार्ट वन की परीक्षा में शामिल छात्र लगातार रिजल्ट के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क कर रहे हैं. दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी है कि पार्ट थर्ड में पेंडिंग रिजल्ट में सुधार के बाद ही कालेजों को एक साथ अंकपत्र भेजा जाएगा. पहले इस महीने के अंत तक अंकपत्र उपलब्ध कराए जाने की योजना थी. मामला सामने आ रहा है कि अब तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू नहीं हो सका है. बताया जा रहा है कि अब तक परीक्षा विभाग के स्तर से अब तक कापियों के मूल्यांकन के लिए परीक्षकों की सूची को भी अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है.